तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, शनिवार 22 फरवरी 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

10 चुनाव से पूर्व करोड़ की शराब पकड़ाई कार्रवाई के नाम पर ...



08 खारुन में प्राकृतिक बहाव से पानी आना बंद...



**खबर संक्षेप**

### किलेपार आएंगी कातरों की कुंवारी माता



**गुण्डरदेही।** 27 फरवरी को कातरो की कुंवारी माता शाम 4 बजे ग्राम किलेपार आएगी। वे इस दिन एक निजी घर में पूजा कार्यक्रम में शामिल होंगे। वहीं स्थानीय सेवा मंडली द्वारा माता की अगुवानी में भक्तों द्वारा सेवा गीत की प्रस्तुति दी जायेगी। माता के भक्त यशस्वी साहू ने समस्त ग्रामीण व सभी माता के भक्तों को कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### अन्नूटोला में पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ आज और कल

**डौण्डीलोहारा।** वनांचल ग्राम अन्नुटोला में 22 व 23 फरवरी को दो दिवसीय पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं पावन प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन रखा गया है। जिसमें शनिवार को भव्य कलश यात्रा, दोपहर 12 बजे एवं प्रज्ञा पुराण कथा महात्म्य, वहीं रविवार को प्रातः 8 बजे से 12 बजे तक पांच कुंडली गायत्री महायज्ञ, दोपहर 12:30 बजे से 2 बजे तक भोजन अवकाश, दोपहर 2:30 बजे से 5:30 तक फिर प्रज्ञा पुराण कथा शाम 5:30 बजे से दीप महायज्ञ विभिन्न संस्कार पूर्णहुती एवं टोली विदाई प्रसादी वितरण किया जाएगा। ग्रामीण प्रतिनिधि नेमन साहू रेंगाडबरी ने बताया कि आयोजन ग्राम पटेल एवं समस्त ग्रामवासी एवं गायत्री परिवार अन्नुटोला द्वारा किया जा रहा है।

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव : आज होगा सामग्री का वितरण, कल मतदान

# तीसरे चरण के मतदान की तैयारियां पूरी, जपं बेरला व साजा में पड़ेंगे वोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के जनपद पंचायत बेरला और साजा में 23 फरवरी को त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के तृतीय चरण का मतदान होगा। मतदानकर्मी 22 फरवरी को मतदान सामग्री वितरण केंद्रों में जाएंगे। उसी दिन मतदान सामग्री प्राप्त कर अपने अपने मतदान केंद्रों की ओर ओर रवाना होंगे । सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा। जिला प्रशासन द्वारा चुनाव की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं, ताकि मतदाता निर्बाध रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने बताया कि पिछले चरणों में नवागढ़ और बेमेतरा में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव संपन्न हुए थे। इसी तरह बेरला और साजा क्षेत्र में भी चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण तरीके से पूरा करने के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध है।

- पंच, सरपंच, जनपद व जिला पंचायत सदस्य के लिए डाले जाएंगे वोट





### 3210 मतदान कर्मी कराएंगे मतदान

कलेक्टर ने बताया कि 3210 मतदान कर्मी चुनाव प्रक्रिया में भाग लेंगे। चुनाव के दौरान मतदाताओं के लिए विशेष सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। मतदान केंद्रों पर छाया और पेयजल की समुचित व्यवस्था की गई है ताकि मतदाता आराम से अपने वोट डाल सकें। इसके अतिरिक्त, सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस प्रशासन द्वारा व्यापक बंदोबस्त किए गए हैं। संवेदनशील मतदान केंद्रों पर विशेष निगरानी और सुरक्षा बल तैनात किए जाएंगे, ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या अप्रिय घटना से बचा जा सके। कलेक्टर श्री शर्मा ने सभी मतदाताओं से अपील की है कि वे अपने अधिकार का प्रयोग अवश्य करें। शांतिपूर्ण वातावरण में लोकतांत्रिक प्रक्रिया का हिस्सा बनें। उन्होंने कहा कि प्रशासन की ओर से मतदाताओं की सुरक्षा और सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है।

| पंच | सरपंच |
|---|---|
| बेरला 1382, साजा 1384 कुल 2766, कुल अभ्यर्थी 2331 | बेरला 100, साजा 206 कुल 306, कुल अभ्यर्थी 530 |
| **जनपद पंचायत सदस्य** | **जिला पंचायत सदस्य** |
| बेरला 25, साजा 25 कुल 50, कुल अभ्यर्थी 123 | बेरला 4, साजा 3 कुल 7, कुल अभ्यर्थी 33 |

**मतदान केंद्र**

बेरला 283, साजा 290 कुल 573 कुल मतदाता

बेरला- 148424 मतदाता इसमें पुरुष 74562 और महिला 73817
साजा- 148501 मतदाता इसमें पुरुष 74562 महिला 73 939
दोनों जनपद कुल मतदाता 296925 इसमें पुरुष 149169 और महिला 147756

| सेक्टर | रूट |
|---|---|
| बेरला 21, साजा 18 कुल 39 | बेरला 67, साजा 58, कुल 125 |
| **मतदान दल** | **पुरुष मतदान कर्मी** |
| बेरला 340, साजा 348 कुल 688 | बेरला 1020 साजा 1044, कुल 2064 |

**महिला मतदान कर्मी**

बेरला 566, साजा 580 कुल 1146

# बेमेतरा के कलाकारों ने मिस्र में फहराया तिरंगा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के नवागढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम जूनाडाडू निवासी पुनदास जोशी ने अपने साथियों के साथ मिलकर अनोखा इतिहास रचा है। वे अपनी टीम के साथ सुवा, बस्तर प्रसिद्ध कर्मा नृत्य, राउत नाचा, डंडा नृत्य व गौरी गौरा के साथ विभिन्न छत्तीसगढ़ी संस्कृति की प्रस्तुति मिस्त्र में कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ पीडी पंथी परिवार के बैनर तले मिश्र देश में भारत, छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करने वाले कलाकारों में पुनदास जोशी, डॉ हरेन्द्र टोन्डे, मनोज केशकर, रामा बंजारे, अलका मिंज, मुस्कान, आकांक्षा वर्मा व आकांक्षा केसरवानी शामिल हैं। वर्तमान में 13 से 24 फरवरी तक इजिप्ट मिश्र देश में होने वाले अंतराष्ट्रीय कार्यक्रम से आमंत्रण मिला है। गौरतलब है कि अंतर्राष्ट्रीय कल्चर फेस्टिवल इजिप्ट मिश्र में 17 देश शामिल हुए है। अपनी संस्कृति को प्रस्तुत करने के साथ बांकी देशों की संस्कृति को भी जानने का अवसर मिल रहा है। इसके पूर्व भी विभिन्न देशों में जाकर कृषि महाविद्यालय रायपुर के पंथी दल के द्वारा प्रस्तुति देकर छत्तीसगढ़ के गौरव का मान बढ़ाया है।

- छत्तीसगढ़ की पंथी दल टीम ने रचा अनोखा इतिहास

## हाईस्कूल कोबिया में 10वीं के विद्यार्थियों को दी विदाई

**बेमेतरा।** शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोबिया में कक्षा 10वीं के छात्र-छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए एवं उन्हें परीक्षा में उत्तीर्ण होने की शुभकामनाओं के साथ विदाई दी गई, संस्था के प्राचार्य अवन कुमार जांगड़े द्वारा बच्चों को बताया गया कि परीक्षा में भयभीत ना होवे तथा उन्होंने ▶▶| शेष पेज 09 पर



## शिव शक्ति विद्याधाम बनिया में महाशिवरात्रि महोत्सव

**थान खमरिया।** समीपस्थ ग्राम बनिया शिव शक्ति विद्याधाम में त्रिभुवन गुरु भगवान शिव शक्ति के संरक्षण में सनातन में शास्त्र पुराण आदि सभी ग्रंथ पर आधारित पूजा विधान, विधियों के अनुरुप महाशिवरात्रि महोत्सव मनाया जा रहा है।

20 फरवरी से 26 फ़रवरी महाशिवरात्रि महोत्सव आयोजित है। प्रथम दिन प्रातः दोपहर रुद्राभिषेक धाम के सदस्यों एवं विश्व कल्याण अर्थ वैदिक महामृत्यु मंत्र का जाप। शिव महापुराण पारायण डॉ. राजेश्वर प्रसाद तिवारी के सानिध्य में प्रतिदिन सामूहिक सुंदरकांड पाठ दोपहर 2 बजे से 3.20 बजे हो रहा है। ▶▶| शेष पेज 09 पर





**श्री शिवम – 22 वर्षों का विश्वास, आपका साथ, हमारी पहचान!**

आज का यह विशेष अवसर हमारे लिए सिर्फ एक सालगिरह नहीं, बल्कि आपके प्रेम, समर्थन और विश्वास का उत्सव है। श्री शिवम को 22 वर्षों की इस खूबसूरत यात्रा में आगे बढ़ाने का श्रेय आपको जाता है। आपकी पसंद, आपकी निष्ठा और आपकी प्रेरणा ने हमें भारत के सबसे विश्वसनीय फैशन ब्रांड्स में से एक बनने में मदद की। 22 साल पहले, श्री शिवम की नींव एक उद्देश्य के साथ रखी गई – हर भारतीय को बेहतरीन फैशन और गुणवत्ता का अनुभव देना। यह सिर्फ एक स्टोर नहीं, बल्कि परंपरा और भरोसे का प्रतीक बन गया।

**आपके विश्वास ने हमें बनाया एक प्रतिष्ठित ब्रांड**

22 साल के इस सफर में हमें गर्व है कि श्री शिवम सिर्फ एक ब्रांड नहीं, बल्कि हर उम्र और अवसर के लिए एक फैशन डेस्टिनेशन बन चुका है। आपके समर्थन से हमने देशभर में नए आउटलेट्स खोले, हर नए ट्रेंड को अपनाया और बेहतरीन शॉपिंग अनुभव सुनिश्चित किया। आपकी हर मुस्कान और हमें लगातार बेहतरीन सेवा देने की प्रेरणा देता है।

**22वीं वर्षगांठ पर, आपके लिए एक खास उपहार**

आपके अटूट विश्वास और प्यार के लिए हम सिर्फ शब्दों से धन्यवाद नहीं कहना चाहते, बल्कि आपके लिए एक खास तोहफा भी लाए हैं। 22% की विशेष छूट! इस अवसर पर, हम अपने सभी ग्राहकों के लिए 11+11% तक की विशेष छूट लेकर आए हैं, ताकि आप अपनी पसंदीदा खरीदारी को और भी खास बना सकें।

**श्री शिवम परिवार की ओर से दिल से धन्यवाद!**

आपका भरोसा, हमारा गर्व! आपके साथ ये 22 साल यादगार रहे, और हम चाहते हैं कि यह सफर आने वाले दशकों तक यूं ही चलता रहे। धन्यवाद, आपके साथ 22 साल – और आगे भी अनगिनत सालों तक!

- श्री शिवम परिवार



## खबर संक्षेप

### रंग मंदिर में ऑल इंडिया मुशायरा आज

**रायपुर।** गांधी चौक स्थित रंग मंदिर में 22 फरवरी को रात्रि 8 बजे से बदस्तूर जारी ब यादगारे कामरेड अकबर व सलमा सरोश ऑल इंडिया मुशायरा का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कामरेड अकबर की स्मृति में फिल्म, आर्ट, कल्चर एंड थिएट्रिकल सोसायटी (एफएसीटीएस) द्वारा किया जा रहा है। इस मुशायरे में देशभर के शायर शिरकत करेंगे। यह जानकारी एफएसीटीएस के से संयोजक जीवेश चौबे ने देते हुए बताया कि मुशायरे की सदारत वरिष्ठ शायर इकबाल अशहर एवं निजामत शायर प्रो. रहमान मुसव्विर करेंगे।

### निगम उपायुक्त ने की राजस्व वसूली की समीक्षा

**रायपुर।** निगम उपायुक्त डॉ. दिव्या चंद्रवंशी ने जोन-10 क्षेत्र के विभिन्न वार्डों की सफाई व्यवस्था और राजस्व वसूली की समीक्षा की। राजस्व विभाग के अधिकारियों को बकाया राजस्व वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए। उपायुक्त के जोन क्षेत्र निरीक्षण के समय जोन-10 कमिश्नर राकेश शर्मा सहित जोन सहायक राजस्व अधिकारी, जोन स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### पिट एनडीपीएस के तहत तीन के खिलाफ कार्रवाई

**रायपुर।** मादक पदार्थों की अवैध खरीद-बिक्री में लिप्त तीन लोगों के खिलाफ पुलिस ने पिट एनडीपीएस के तहत अपराध दर्ज कर कमिश्नर कोर्ट में चालान पेश कर जेल दाखिल किया है। पुलिस ने आईजी अमरेश मिश्रा तथा एसएसपी डॉ. लाल उमेंद सिंह के निर्देश पर गुढ़ियारी निवासी हबीब खान, संगम मेश्राम उर्फ सोनू तथा अजय यादव उर्फ छैला के खिलाफ कोर्ट में प्रकरण पेश कर उनके द्वारा अवैध मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त के बारे में जानकारी दी। पिट एनडीपीएस की कार्रवाई रासुका जैसी सख्त है।

### किशोरी से अनाचार पिता को 20 वर्ष कैद

**रायपुर।** तिल्दा नेवरा थाना क्षेत्र में ढाई वर्ष पूर्व अपनी ही नाबालिग बेटी के साथ रेप करने के आरोपी को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार सोम की फास्टट्रैक कोर्ट ने 20 साल कैद की सजा सुनाई है। लोक अभियोजक विमला तांडी के अनुसार, 1 अक्टूबर 2022 को किशोरी ने महिला थाने में अपने पिता के खिलाफ रेप तथा धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। किशोरी ने कोर्ट में बताया था कि उसका पिता उसे तथा उसकी मां, बहन को जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ लगातार रेप किया।

### श्रीमद भागवत कथा निकाली कलश यात्रा



**रायपुर।** कैलाशगिरी शिव मंदिर समिति द्वारा सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा पुराण की शुरुआत गुरुवार से की गई है। श्रीमद भागवत कथा ज्ञानयज्ञ के अवसर पर बसंत विहार कॉलोनी में कलश यात्रा निकाली गई। पूजन के बाद वेद मंत्रों के साथ कलश स्थापित कर श्रीमद भागवत कथा प्रारंभ की गई। कथावाचन पं. कौशल शर्मा ने किया। भागवत कथा को लेकर कॉलोनीवासियों में उत्साह का माहौल बना हुआ है। इसका आयोजन मंदिर समिति एवं कॉलोनीवासियों के सहयोग से किया जा रहा है।

### मनजिंदर बने कैबिनेट मंत्री सिख समाज ने जताया हर्ष



**रायपुर।** दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं समाजसेवी सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा को दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री बनाए जाने पर छत्तीसगढ़ सिख समाज के प्रदेश अध्यक्ष सरदार सुखबीर सिंह सिंघोत्रा ने पूरे प्रदेशवासियों की तरफ से बधाई दी है। इसी दौरान उन्होंने कहा कि सिख समाज की आन-बान और शान के प्रतीक मनजिंदर सिंह सिरसा दिल्ली ही नहीं, पूरे देश में सिख समाज के सरबत दा भला के नियम पर कार्य कर समाज सहित देशहित में कार्य करेंगें।

---

### शहरभर की पेयजल डिमांड पूरी करने रोज खप रहा 200 से 250 क्यूसेक रॉ वाटर

# खारुन में प्राकृतिक बहाव से पानी आना बंद 20 दिन से गंगरेल डेम से पानी की आपूर्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

शहर की जीवनदायिनी खारुन नदी में प्राकृतिक बहाव से आने वाला पानी बंद हो गया है। 20 दिन से नगर निगम का जल विभाग शहर वासियों की प्यास बुझाने गंगरेल डेम से पानी खरीद रहा है। नगर निगम के 70 वार्डों में रहने वाले लोगों की पेयजल मांग के हिसाब से प्रतिदिन 200 से 250 क्यूसेक रॉ वाटर की खपत हो रही है। इस लिहाज से गंगरेल डेम से रोजाना शहर को 200 से 250 क्यूसेक रॉ वाटर की आपूर्ति की जा रही है। सिंचाई विभाग के साथ पूर्व में हुये एग्रीमेंट के अनुसार गंगरेल डेम में 3.1 टीएमसी रॉ वाटर सालभर की खपत हिसाब से शहर के लिए सुरक्षित रखा गया है। रायपुर शहर को प्राकृतिक बहाव से मिलने वाला रॉ वाटर जनवरी से मिलना बंद हो गया है। पिछले 20 दिन से नगर निगम का जल विभाग शहर की 14 लाख आबादी की पेयजल आपूर्ति के लिए गंगरेल बांध से पानी ले रहा है। फिल्टर प्लांट के प्रभारी अधिकारी नरसिंग फरेन्द्र ने बताया कि वर्तमान में रायपुर शहर की पेयजल जरूरत को ध्यान में रखते हुये 200 से 250 क्यूसेक रॉ वाटर गंगरेल से छोड़ा जा रहा है। गर्मी के दिनों में लोगों को पानी की दिक्कत न हो, इस बात को ध्यान में रखते हुये सिंचाई विभाग से पूर्व में हुये अनुबंध के मुताबिक शहर के लिए 3.1 टीएमसी रॉ वाटर गंगरेल में सुरक्षित रखा गया है।



#### पेयजल संकट से निपटने किराये के टैंकर का टेंडर

हर साल की तरह इस बार भी शहर के पेयजल संकट प्रभावित इलाकों में नगर निगम किराये के पानी टैंकर की व्यवस्था कर लोगों की प्यास बुझायेगा। इसके लिए किराये टैंकर की जरूरत को ध्यान में रखते हुए टेंडर किया गया है। 22 मार्च के बाद टेंडर खुलेगा। गर्मी में पेयजल की व्यवस्था को लेकर गांधी सदन में विभागीय बैठक भी जल्द होगी।

#### गर्मी सीजन में निगम ने की तैयारी, 38 पानी टंकियों की सफाई पूरी

नगर निगम के जल विभाग द्वारा गर्मी सीजन को देखते हुये शहरभर में स्थित 45 पानी टंकियों की सफाई का कार्य अनुबंधित एजेंसी के माध्यम से कराया जा रहा है। विभाग के अधिकारियों का कहना है, अब तक अलग-अलग वार्ड की 38 पानी टंकियों में सील्ट की सफाई और कैमिकल ट्रीटमेंट का कार्य पूरा हो चुका है। बाकी की 7 पानी टंकियों में यह कार्य आने वाले दिनों में प्रमुखता से कराया जायेगा।

#### 45 पानी टंकियों से प्रतिदिन 296 एमएलडी पानी की आपूर्ति

नगर निगम का जल विभाग शहर की 45 नई व पुरानी पानी टंकियों से प्रतिदिन 296 एमएलडी पेयजल की आपूर्ति कर रहा है। तेज गर्मी पड़ने पर यह मात्रा आने वाले समय में 300 एमएलडी तक पहुंच सकती है। शहर के बैरनबाजार की पुरानी पानी टंकी और देवेन्द्र नगर की पुरानी पानी टंकी का उपयोग भी संबंधित इलाकों में पेयजल आपूर्ति के लिए किया जा रहा है। वहीं अमृत मिशन के तहत जोन 9 के पंडित विद्याचरण शुक्ल वार्ड में 2 साल पूर्व बनाई गई लभांडी और फुंडहर की नई पानी टंकी अभी शुरू नहीं हो पाई है। राइजिंग लाइन बिछाने और इंटरकनेक्शन कार्य के लिए फंड नहीं होने की वजह से इन दोनों पानी टंकियों का लाभ शहर के आउटर में रहने वाले लोगों को नही मिल पाया है। नगर निगम के आगामी बजट में इसके लिए प्रावधान किया जा रहा है।

---

# सोने की बढ़ती कीमत से निवेश और बढ़ा, जेवरों की बिक्री में थोड़ी कमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सोने की कीमत नए साल में बहुत तेजी से बढ़ रही है। अब तक करीब 11 रुपए हजार रुपए दाम बढ़ चुके हैं। सोना पहली बार 89 हजार रुपए पार हो गया है। अब कभी भी कीमत 90 हजार के भी पार हो जाएगी। इस साल सोने की कीमत एक लाख तक जाने की संभावना है। सोने की बढ़ती कीमत के कारण प्रदेश में सोने में निवेश भी लगातार बढ़ रहा है, लेकिन जेवरों की बिक्री में जरूर कुछ कमी आई है। देश के कई राज्यों में जेवरों की बिक्री में भारी गिरावट की खबर है, पर अपने राज्य में जेवरों की बिक्री में ज्यादा कमी नहीं आई है। शादियों का सीजन होने के कारण जमकर खरीदारी हो रही है। सोने और चांदी को हमेशा से ही निवेश के लिए खरा माना जाता है। बीते साल तो निवेश के मामले में इसने रिकॉर्ड भी बना दिया। पहली बार सोने में जहां 20 फीसदी का रिटर्न मिला है, वहीं चांदी में 17 फीसदी रिटर्न मिला है। यही वजह है कि बीते साल छत्तीसगढ़ में आठ हजार करोड़ से ज्यादा का निवेश हुआ है। प्रदेश में सोने-चांदी का रोज का करीब 50 करोड़ का कारोबार होता है, इसमें 50 फीसदी निवेशकों का रहता है। सोने की कीमत इस बीते साल रिकॉर्ड 82 हजार के पार भी गई और चांदी के दाम भी एक लाख के पार गए। इस साल सोने की कीमत बीते साल से ज्यादा तेजी से बढ़ रही है। सोने की कीमत में लगातार ताबड़तोड़ तेजी के कारण प्रदेश में सोने का निवेश बढ़ गया है।

- नए साल में अब तक करीब 11 हजार रुपए बढ़े दाम

#### नए साल में 78 से 89 हजार हो गए दाम

नए साल के पहले बीते 31 दिसंबर को सोने की कीमत 78400 रुपए थी। नए साल में पहले ही दिन से सोने की कीमत में इजाफा होना प्रारंभ हुआ। 1 जनवरी को कीमत 79 हजार रही। 7 जनवरी को कीमत 80 हजार पहुंची। इसके बाद एक सप्ताह में कीमत 81 हजार के पार हो गई। फिर एक सप्ताह के बाद कीमत 82 हजारी हुई और अंतिम सप्ताह में पहले कीमत 83 हजारी हुई और फिर माह के अंतिम दिन 31 जनवरी को कीमत 84150 रही। एक फरवरी को केंद्रीय बजट वाले दिन सुबह को सोने की कीमत 84800 थी, जो शाम को बजट के बाद 85050 रुपए हो गई।

---

# दीक्षा नगर, खम्हारडीह और भाठागांव में बनेगी पानी टंकी

### निगम बजट में 70 करोड़ का प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




शहर के तीन अलग-अलग इलाकों में पेयजल संकट से निपटने नगर निगम नई पानी टंकी का निर्माण करायेगा। ठक्कर बापा वार्ड के दीक्षा नगर गीतांजलि सोसायटी गार्डन के समीप प्रस्तावित स्थल, नेताजी सुभाष चंद बोस वार्ड के खम्हारडीह इलाके और नगर निगम जोन 6 में नए बस टर्मिनल भाठागांव के पास पानी टंकी बनाने का प्रस्ताव है। इसके लिए शहरी सरकार के निगम बजट में 70 करोड़ का प्रावधान रखा जा रहा है। प्रोजेक्ट के हिसाब से संबंधित क्षेत्र में प्रस्तावित नई पानी टंकी क्षेत्र से लोगों के घरों तक पीने के पानी की पाइप लाइन बिछाने से लेकर इंटर कनेक्शन और पेयजल आपूर्ति की निगरानी के लिए स्कॉडा सिस्टम लगाने का भी प्रावधान है। नगर निगम जोन 1 ठक्करबापा वार्ड के दीक्षा नगर, प्रेमनगर, पार्वती नगर, गुरु घासीदास नगर, अंजलि विहार, सुख विहार, देव विहार सहित अन्य कालोनियों में गर्मी के दिनों में पेयजल की समस्या को देखते हुये प्रभावित इलाके में सुगम पेयजल आपूर्ति की सुविधा देने दीक्षा नगर में नई पानी टंकी बनाई जायेगी। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारी ने हरिभूमि को बताया कि ठक्कर बापा वार्ड नंबर 17 के दीक्षा नगर में 2000 किलोलीटर क्षमता वाली नई पानी टंकी का निर्माण होगा। इसी तरह भाठागांव क्षेत्र में इंटर स्टेट बस टर्मिनल के पास 3500 किलोलीटर क्षमता पानी टंकी का निर्माण प्रस्तावित है।

- डिस्ट्रीब्यूशन लाइन बिछाने, घरों तक इंटर कनेक्शन सहित स्कॉडा सिस्टम का प्रावधान

### पशु तस्करी करते चार गिरफ्तार, 11 मवेशी जब्त

**रायपुर।** माना थाने की पुलिस ने ओडिशा सहित राज्य के चार मवेशी तस्करों को मवेशी तस्करी करने के आरोप में गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 11 मवेशी जब्त किए हैं। पुलिस ने मवेशी परिवहन में इस्तेमाल ट्रक जब्त किया है। तस्कर मवेशियों को ट्रक में ठूंस-ठूंस कर भरे थे। साथ ही उनके पास मवेशी परिवहन करने वैध दस्तावेज नहीं थे। मवेशी तस्करी करने के आरोप में पुलिस ने जिन चार लोगों को गिरफ्तार किया है, उनमें ओडिशा, नुआपाड़ा निवासी खोरबहरा यादव, बलौदाबाजार निवासी विकास कुमार वर्मा के साथ महासमुंद, बागबहरा निवासी संतोष यादव, शेष नारायण यादव के नाम शामिल हैं। पुलिस ने चारों तस्करों को टेमरी सिग्नल के पास से गिरफ्तार किया है। जब्त सभी मवेशी दुधारू हैं। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक तस्कर आसपास के ग्रामीण इलाकों में पशुपालकों से मवेशी खरीद कर ले जा रहे थे।

---

# मुख्यमंत्री निवास घेरने निकली भीम आर्मी को पुलिस ने रोका, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



बलौदाबाजार कलेक्टोरेट, एसपी ऑफिस घेराव करने के साथ तोड़फोड़, आगजनी मामले में गिरफ्तार लोगों की निःशर्त रिहाई की मांग को लेकर भीम आर्मी ने गुरुवार को सीएम हाउस घेराव का ऐलान किया था। सैकड़ों की संख्या में प्रदर्शन करने पहुंचे प्रदर्शनकारियों को पुलिस तथा जिला प्रशासन टीम ने सीएम हाउस जाने से रोक दिया। इसके कारण भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने बूढ़ा तालाब श्याम टाकीज के पास सभा कर ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन में भीम आर्मी के संस्थापक चंद्रशेखर आजाद भी शामिल होने वाले थे, लेकिन वे प्रदर्शन में शामिल होने नहीं पहुंच पाए।

बलौदाबाजार हिंसा मामले में जेल में बंद हिंसा के आरोपियों से मिलने भीम आर्मी के संस्थापक रायपुर सेंट्रल जेल पहुंचे थे। चंद्रशेखर ने प्रशासन पर निर्दोष लोगों को फंसाए जाने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री निवास घेराव करने घोषणा की थी। घोषणा के अनुसार भीम आर्मी के सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता बूढ़ा तालाब के पास एकत्र होकर सीएम हाउस घेराव करने पहुंचे थे। कार्यकर्ताओं की बूढ़ा तालाब के पास उपस्थिति को देखते हुए स्थानीय पुलिस प्रशासन ने एक दिन पहले से बैरिकेडिंग कर कार्यकर्ताओं को रोकने तैयारी कर ली थी।

#### आचार संहिता की वजह से रोकी रैली

*भीम आर्मी के कार्यकर्ता दोपहर साढ़े तीन से चार बजे के बीच मुख्यमंत्री निवास का घेराव करने रैली की शक्ल में निकले। पुलिस प्रशासन ने कार्यकर्ताओं को चुनाव आचार संहिता का हवाला देते हुए उन्हें श्याम टाकीज के पास आगे जाने से रोक दिया। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने श्याम टाकीज के पास सभा कर ज्ञापन सौंपा। भीम आर्मी के उपध्यक्ष मनोज बंजारे के अनुसार टिकट नहीं मिलने की वजह से चंद्रशेखर प्रदर्शन में शामिल नहीं हो पाए। चंद्रशेखर ने मोबाइल के माध्यम से सभा को संबोधित किया।*

---

# जिला पंचायत के नवनिर्वाचित सदस्यों को सौंपे गए प्रमाणपत्र



**रायपुर।** रायपुर जिले में त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के दूसरे चरण में गुरुवार को धरसींवा और तिल्दा नेवरा में पंच, सरपंच, जनपद एवं जिला पंचायत सदस्यों के लिए वोटिंग हुई। वोटिंग के बाद मतगणना हुई, जिसके बाद चुनाव अधिकारियों ने जिला पंचायत सदस्य पद के लिए निर्वाचित हुए सदस्यों को प्रमाणपत्र भी सौंपा।

जिला पंचायत सदस्य के लिए वोटिंग के बाद प्रत्याशियों के पक्ष में पड़े वोटों की गिनती की गई, जिसमें जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 8 से पूजा लोकमणी कोशले, क्रमांक 9 से अन्नू तारक, क्रमांक 10 से चंद्रकला रामचंद्र ध्रुव, क्रमांक 11 से यशवंत धनेंद्र साहू, क्रमांक 12 से भीनू सुजीत घिदौड़े, क्रमांक 13 से कविता हेमंत कश्यप और क्रमांक 16 से गुरू सौरभ साहेब ने जीत हासिल की। इस तरह मतगणना के बाद जिला पंचायत सीईओ एवं रिटर्निंग अधिकारी विश्वदीप ने विजयी प्रत्याशियों के नाम की घोषणा की और उन्हें प्रमाणपत्र सौंपे। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर बंदे, सहायक रिटर्निंग अधिकारी यूएस अग्रवाल सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

---

# देवेंद्र की जमानत को पूर्व सीएम बघेल ने बताया सत्य की जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



बलौदाबाजार हिंसा मामले में जेल में बंद भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल गई है। 17 अगस्त 2024 से रायपुर जेल में बंद देवेंद्र यादव के समर्थकों में इस फैसले के बाद खुशी की लहर है। जमानत के बाद कांग्रेस नेताओं ने इसे न्याय की जीत बताया है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सोशल मीडिया पर लिखा कि सर्वोच्च न्यायालय ने सरकारी षड्यंत्र में जेल में बंद विधायक देवेंद्र यादव को जमानत दे दी है। यह सत्य की जीत और सरकारी षड्यंत्र की हार है। आने वाले समय में यह साबित हो जाएगा कि सरकार ने उन्हें गलत तरीके से महीनों जेल में रखा। वहीं पूर्व मंत्री अमरजीत भगत ने कहा, यह मामला राजनीति से प्रेरित था।

#### श्रीवास्तव की नसीहत भूपेश ज्यादा खुश न हों



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने बलौदाबाजार हिंसा के मामले में सात माह से जेल में बंद कांग्रेस विधायक देवेन्द्र यादव को मिली जमानत पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को ज्यादा खुश नहीं होने की नसीहत दी है। उन्होंने कहा, मामले में बघेल भाजपा के खिलाफ मिथ्या प्रलाप करके अपनी जगहंसाई कराते शोभा नहीं देते। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा, न्यायपालिका और जांच एजेंसियां अपना काम कर रही हैं, इसलिए महज जमानत मिल जाने पर बघेल इतने उतावलेपन का प्रदर्शन करके हर बार की तरह फिर आरोपियों की वकालत कर रहे हैं। भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रीवास्तव ने कहा कि जिस कांग्रेस के आला नेताओं से लेकर खुद बघेल तक जमानत पर घूम रहे हैं।

---

# जरवाय में 5 एकड़ सरकारी जमीन पर बनेगा ई बस के लिए नया बस डिपो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



राजधानी रायपुर को केन्द्र सरकार से मिलने वाली 100 ई बसों के लिए जरवाय में स्थित 5 एकड़ सरकारी जमीन पर नया बस डिपो बनाया जायेगा। इसके लिए टेंडर किया गया है। सिविल वर्क के लिए 14 करोड़ 33 लाख और विद्युत मेंटनेंस संबंधी कार्य के लिए 12 करोड़ 30 लाख की निविदा निकाली गई है। वहीं केन्द्र सरकार ने छत्तीसगढ़ को मिलने वाली ई बस के लिए वेंडर भी फाइनल कर दिया है। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक अहमदाबाद की कंपनी चार्टर्ड स्पीड लिमिटेड को ई बस सप्लाई का ठेका दिया गया है। बसें पूरी तरह ईको फेंडली होंगी।

दरअसल, रायपुर नगर निगम द्वारा शहर को मिलने वाली 100 ई बसों के लिए पंडरी और आमानाका में नया बस डिपो बनाया जाना प्रस्तावित था। इसमें आमानाका में 60 और पंडरी में 40 बस को रखने की व्यवस्था बननी थी।

#### आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा नया बस डिपो

निगम के अधिकारियों का कहना है कि नए बस डिपो को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जायेगा। इसमें बसों के चार्जिंग स्टेशन के साथ ही यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये प्रतीक्षालय सहित अन्य तरह की सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी। केन्द्र से 100 ई बस मिलने से पहले नगर निगम चयनित एजेंसी से नए रूट का सर्वे करायेगा। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को इस कार्य की मानिटरिंग के लिए नोडल एजेंसी बनाया गया है।

---

# पीसीसी अध्यक्ष के कामकाज पर सवाल उठाना सही नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगरीय निकाय चुनाव में कांग्रेस की हार के बाद कांग्रेस नेताओं ने संगठन में फेरबदल की मांग उठा दी। मामले में सियासत के बाद कई जिलों में चुनाव के बाद जिला अध्यक्षों ने कई कांग्रेसी कार्यकर्ताओं पर चुनाव में अनुशासनहीनता के आरोप लगाते हुए कार्रवाई भी की। मामले में पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा को नोटिस जारी किया गया है। विवाद और आरोप प्रत्यारोप के बीच वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व मंत्री मोहम्मद अकबर ने कहा है कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का पद राज्य में कांग्रेस का बड़ा पद है। प्रदेश अध्यक्ष के कामकाज को लेकर कांग्रेस में रहते हुए किसी के भी द्वारा सवाल उठाया जाना उचित नहीं है। उन्होंने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के संबंध में पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा के बयान के बाद उपजे विवाद को लेकर कहा है। हालांकि श्री जुनेजा ने अपने बयान के बाद अगले दिन फिर सफाई दी है कि उनके बयान को तोड-मरोड़ कर पेश किया गया है।

#### ये है विवाद की जड़

पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा ने पिछले दिनों प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज व उनके कामकाज को लेकर सवाल उठाए थे। उन्होंने ये भी कहा था कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बदला जाना चाहिए। जब तक यह नहीं किया जाएगा, वे राजीव भवन (प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय रायपुर) में प्रवेश नहीं करेंगे। उनके इस बयान के बाद प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने श्री जुनेजा को नोटिस भेजा है और तीन दिनों में जवाब मांगा है।

---

### कोई गड़बड़ी की तो अनुदान की राशि होगी वसूल

# छत्तीसगढ़ में सरकार अब देगी पेटेंट के लिए 20 लाख तक का अनुदान, जारी हुआ नया नियम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार अब राज्य में तकनीकी पेटेंट के लिए 20 लाख रुपयों तक का अनुदान देगी। राज्य सरकार ने इसके लिए नए नियम बनाए हैं। ये नियम छत्तीसगढ़ राज्य परियोजना प्रतिवेदन, अनुदान, गुणवत्ता, प्रमाणीकरण, अनुदान तकनीकी पेंटेट अनुदान तथा प्रौद्योगिकी क्रय अनुदान नियम बनाए हैं।

नए नियम के मुताबिक अब नवीन स्थापना, विस्तार, शवलीकरण, प्रतिस्थापन, करने वाले सूक्ष्म, लघु तथा मध्यम उद्यमों की स्थापना, सामान्य श्रेणी एवं थ्रस्ट सेक्टर के विनिर्माण, वृहद उद्यमों, विशिष्ट उत्पाद श्रेणी के नवीन उद्यमों एवं स्टॉर्टअप इकाईयों को इसके लिए पात्रता होगी। खास बात ये है कि भारत सरकार उद्योग मंत्रालय अन्य मंत्रालयों, पंजीकृत पेटेंट हाउस, अनुसंधान केंद्रों से पेटेंट अनुसंधान पंजीकृत कराने पर ही अनुदान की पात्रता होगी। औद्योगिक इकाई को प्रति उत्पाद, प्रक्रिया, शोध पर केवल एक ही बार अनुदान की पात्रता होगी। विकसित उत्पाद, प्रक्रिया, जिसका पेटेंट कराया गया है या अनुसंधान स्वीकृत हुआ है, का वाणिज्यक उत्पादन उपयोग औद्योगिक इकाई द्वारा ही किया जाना आवश्यक होगा।




#### किसी को रोजगार से नहीं कर सकते वंचित

औद्योगिक इकाई द्वारा राज्य के मूल निवासियों को निर्धारित प्रतिशत में रोजगार उपलब्ध कराने के बाद, यदि बाद में विधि विरूद्ध तरीके से, रोजगार से वंचित किया जाता है एवं इस कारण अकुशल, कुशल व प्रबंधकीय वर्ग में दिये जाने वाले रोजगार का प्रतिशत निर्धारित प्रतिशत से कम हो जाता है तो अनुदान की राशि संबंधित स्वत्व को निरस्त कर वसूली की जा सकेगी, अन्य देय अनुदानों में समायोजित की जा सकेगी। यदि औद्योगिक इकाई द्वारा प्रस्तुत निवेशक से वर्ग से संबंधित प्रमाण-पत्र या तथ्य गलत पाये जाते हैं या पात्रता से अधिक अनुदान की प्राप्ति हो गयी हो, तो दी गई अतिरिक्त अनुदान की राशि वसूली योग्य होगी।

#### अनुदान प्राप्त औद्योगिक इकाई की होगी ये जिम्मेदारी

औद्योगिक इकाई को वाणिज्यिक उत्पादन दिनांक सेवा गतिविधि प्रारंभ करने के दिनांक से न्यूनतम पांच वर्षों तक उद्योग चालू रखते हुए, नियमानुसार राज्य के मूलनिवासियों को रोजगार उपलब्ध कराना होगा। इकाई द्वारा उपलब्ध कराये गये रोजगार की जानकारी प्रत्येक वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पश्चात 30 दिवस के भीतर अनुदान स्वीकृतकर्ता अधिकारी को प्रदान करना होगा।

#### पांच साल तक नहीं कर सकते ये बदलाव

शर्त ये भी है कि इकाई को वाणिज्यिक उत्पादन दिनांक सेवा गतिविधि प्रारंभ करने के दिनांक से पांच वर्ष तक उद्योग आयुक्त, संचालक उद्योग की लिखित पूर्वानुमति के बिना इकाई के फैक्ट्री स्थल गतिविधि में कोई परिवर्तन नहीं किया जावेगा, इकाई का कोई भाग अन्यत्र स्थानांतरित नहीं किया जा सकेगा तथा ना ही स्वामित्व परिवर्तन किया जा सकेगा तथा इकाई के स्थायी परिसम्पतियों में कोई परिर्वतन नहीं किया जावेगा।

## खबर संक्षेप

### रक्तदान शिविर में 9 यूनिट ब्लड एकत्रित

दुर्ग। डॉ खूबचंद बघेल स्नातकोत्तर महाविद्यालय भिलाई तीन द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन रक्त केंद्र जिला अस्पताल दुर्ग में किया गया। शिविर में 9 यूनिट बहुमूल्य रक्त प्राप्त किया गया। शिविर में ब्लड बैंक नोडल अधिकारी डॉ प्रवीण कुमार अग्रवाल, मेडिकल अधिकारी डॉ. पीयूष श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में काउंसलर टीएस एंथोनी, स्टाफ नर्स तरुणा रावत, लैब टेक्नोलॉजिस्ट रूपेश सप्रे, कॉलेज से डॉ. शैल विजय एवं रेडक्रॉस सोसाइटी के प्रबंध कारिणी सदस्य और जीवन दीप समिति के आजीवन सदस्य दिलीप ठाकुर, सदस्य प्रशांत डोंगावकर, सतीश सुराना की उल्लेखनीय भूमिका और सकारात्मक सहयोग रहा।

### इुन्डेरा में राज्य स्तरीय डीजे डांस स्पर्धा आज

दुर्ग। दशहरा मैदान इुन्डेरा (उतई ) में 22 फरवरी शनिवार को रात्रि 7 बजे से राज्य स्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है। इसमें सामूहिक डांस प्रतियोगिता अंतर्गत प्रथम आने वाले समूह को 15000 रूपए नगद इनाम दिया जाएगा। इसके अलावा द्वितीय, तृतीय, चौथा, पांचवां एवं छटवां स्थान पर आने वाले समूह को क्रमशः 10000, 7000, 5000, 3000 एवं 2000 रूपए नगद इनाम दिया जाएगा। इसमें प्रवेश शुल्क251 रुपए रखा गया है। इसी प्रकार एकल नृत्य में प्रथम छः स्थान पर आने वाले डांसर को क्रमशः8000, 500, 4000, 3000, 2000 एवं 1000 रूपए नगद इनाम दिया जाएगा इसका प्रवेश शुल्क 201 रूपए रखा गया है। वेशभूषा, अनुशासन, बेस्ट भावपक्ष एवं डांसर के लिए भी विशेष पुरस्कार की व्यवस्था रहेगी उक्त जानकारी आयोजक समिति के होमेश साहू ने दी।

### प्रायोगिक परीक्षा आज

दुर्ग। घनश्याम सिंह आर्य कन्या महाविद्यालय दुर्ग में बी.ए द्वितीय एवं तृतीय वर्ष (नियमित एवं अमहाविद्यालयीन) के गृह विज्ञान की छात्राओं को सूचित किया जाता है कि गृह विज्ञान की वार्षिक प्रायोगिक परीक्षा दिनांक 22 फरवरी 2025 को आयोजित की जा रही है। जिसमें समस्त छात्राओं की उपस्थिति अनिवार्य है। समस्त छात्राएं अपनी प्रायोगिक सामग्री के साथ प्रातः 8 बजे महाविद्यालय में अनिवार्य रूप से उपस्थित होवे। छात्राएं अनुपस्थित होने पर महाविद्यालय की जवाबदारी नहीं रहेगी। इसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

### जिले के किसानों को जारी की गई धान की पूरी राशि

दुर्ग। धान बेचने के बाद शेष करीब ढाई सौ करोड रूपए से अधिक की राशि जिला सहकारी केन्द्रिय बैंक द्वारा किसानों के खाते में राशि जारी कर दी गई हैं। इससे पहले सभी किसानों को अंतर की राशि जारी हो चुकी थी। वहीं धान की राशि का इंतजार थे। जिसे बुधवार को जारी कर दिया गया हैं। धान की राशि जारी होने के बाद किसानों ने राहत की सांस ली हैं। जानकारी अनुसार बेमेतरा जिले में 174416 लाख रूपए की खरीदी की गई थी, जिसमें 160450 लाख रूपए का भुगतान किया गया है। इसी तरह बेमेतरा में 215605 लाख रूपए की खरीदी की गई। जिसमें 193463 लाख रूपए का ही भुगतान किया गया है। दुर्ग में 132577 लाख रूपए की खरीदी हुई थी, जिसमें भुगतान 120975 करोड का हुआ हैं। जिला सहकारी केन्द्रिय बैंक के सीईओ एसके जोशी ने बताया कि, सभी किसानों को उनके खाते में बुधवार को राशि जारी कर दी गई है। उन्होने बताया कि, न सिर्फ धान की राशि बल्कि अंतर की राशि भी सभी किसानों को जारी हो गया हैं।

### खपरी में सुमंत महाराज जयंती 23 को

भिलाई। क्षेत्रीय ग्रामीण महासभा सूत सारथी समाज जामुल द्वारा ग्राम खपरी(कुटेला) में 23 फरवरी को सुमंत महाराज जयंती समारोह का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, सरपंच भोजेश्वरी घनश्याम साहू होंगे। अध्यक्षता अध्यक्ष दुर्ग जिला विक्रम सेमर एवं जिला सदस्य जितेंद्र यादव करेंगे। विशेष अतिथि पूर्व जिलाअध्यक्ष रायपुर दिलीप सारथी, रमेश सारथी, जिला सचिव त्रिलोक सारथी होंगे।

# कलेक्टर ने प्राथमिक शाला का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ कलेक्टर ने शासकीय प्राथमिक शाला कुरदी की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने गुण्डरदेही विकासखण्ड के शासकीय प्राथमिक शाला कुरदी का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कक्षा पहली के नन्हें-मुन्हें बच्चों से उनके पढ़ाई-लिखाई के संबंध में आत्मीय एवं मधुर बातचीत कर उनके अध्ययन-अध्यापन की व्यवस्थाओं का पड़ताल किया।



### कलेक्टर ने नन्हें-मुन्ने बच्चों से किए सवाल-जवाब

कलेक्टर चन्द्रवाल ने कक्षा पहली के बच्चों से अंग्रेजी एवं गणित विषय से संबंधित प्रश्नों के उत्तर पूछकर उनके भाषायी एवं गणितीय कौशल का मूल्यांकन करने का प्रयास किया। इस दौरान चन्द्रवाल के स्नेहील एवं मधुर व्यवहार से नन्हें बच्चे बहुत ही प्रसन्नचित नजर आ रहे थे। कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं से पूरे लगन एवं प्रतिबद्धता के साथ विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान कर देश के भावी भविष्य के निर्माण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने को कहा।

### मतदान केन्द्र का भी लिया जायजा

इस दौरान कलेक्टर चन्द्रवाल ने त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला कुरदी में बनाए गए मतदान केन्द्र क्रमांक 181 एवं 182 का भी निरीक्षण किया। चन्द्रवाल ने मौके पर उपस्थित तहसीलदार प्रीतम साहू एवं शिक्षकों से मतदान केन्द्र के व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



## प्रवचन : भगवत संकीर्तन से ही मिलेगा अंतर्मन में हो रहे युद्ध से छुटकारा

# भगवत संकीर्तन से मिलेगा अंतर्द्वंद्व से छुटकारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

युद्ध हर युग में हुआ, कलयुग में युद्ध अंतर्मन हो रहा है, युद्ध मन के भीतर तक पहुंच गया, भगवत संकीर्तन से ही इससे छुटकारा पाया जा सकता है। सतयुग मे देव असुर के मध्य संग्राम हुआ। त्रेतायुग मे युद्ध देशों के मध्य पहुंच गया। द्वापर मे युद्ध घरों में पहुंच गया, महाभारत के रुप में भाई-भाई के युद्ध की कथा हमने देखी है। कलयुग में तो युद्ध मानव के भीतर मन तक पहुंच गया है, कलयुग में भागवत श्रवण शांति और मोक्ष का मार्ग है। उक्त बाते नगर के काल भैरव देऊर मंदिर प्रांगण मे चल रहे भागवत कथा सप्ताह में भागवताचार्य पंडित ज्ञानेश्वर प्रसाद पांण्डेय ने कही।

■ नगर के काल भैरव देऊर मंदिर प्रांगण में चल रही है भागवत कथा





### भागवत कथा का महत्व

पंडित ज्ञानेश्वर प्रसाद ने परीक्षित श्राप की कथा के दौरान बताया कि कलयुग मे भगवत नाम ही जीवन का आधार है। भागवत की कथा हमे मरने की कला सीखाती है, रामचरित मानस हमे जीने की कला सीखाती है। उन्होने कहा परीक्षित ने गर्भ में ही परमपिता के दर्शन कर लिए थे, इसलिए महाज्ञानी एवं महाभागवत थे। जीव पर जब संत की कृपा होती है एवं संत कृपा से भागवत दर्शन होते हैं, तब जीव भागवत बनता है। पंडित ज्ञानेश्वर प्रसाद ने कहा भागवत की कथा प्रेत योनी से मुक्ति का मार्ग है, भागवत की कथा ब्रम्ह की कथा है, भागवत की कथा अमरता की कथा है।

### जरुर करें भूल की प्रायाश्चितः पंडित ज्ञानेश्वर प्रसाद

संत श्री ने कहा जीवन में हुई भूल की प्रायाश्चित जरुर करना चाहिए। हमें भगवान की शरण मे जाकर अपने अहंकार और की गई भूलों का प्रायाश्चित करना चाहिए। जीव मे जब अहंकार आए तो समझ जाएं कि अब कलयुग का प्रभाव हो गया है। उन्होने कहा जहां धर्म विरूद्ध कार्य होता है वहां कलयुग का प्रवेश होता है, जहां धर्म सम्मत कार्य होते हैं, वहां असुरी शक्तियां प्रवेश भी नहीं कर सकती।

**भगवान बनाते हैं बिगड़े काम** : पंडित ज्ञानेश्वर ने कहा वह जीव ही है, जो काम बिगाड़ता है और भगवान सबका काम बनाते है, आवश्यकता है परमपिता परमेश्वर को विश्वास, भक्ति भाव, समर्पण भाव से पुकारने की। भगवान सबके हृदय के भाव को जानते है। भगवान तीनों काल को जानने वाले हैं। मांगना है तो उनसे उनकी भक्ति मांगो, उनकी शरण मांगो। भागवत कथा श्रवण करने नगर सहित क्षेत्र के आसपास के गांवों से भी ग्रामीण पहुंच रहे हैं, साथ ही यहां भगवान विष्णुशहस्त्रनाम का पाठ व अभिशेक प्रतिदिन प्रातः 9:30 बजे से किया जा रहा है।

# महाशिवरात्रि मेला, अखंड नवधा रामायण एवं मानस उत्सव समारोह का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शहर के वार्ड नंबर 2 मानपुर में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी महाशिवरात्रि मेला अखंड नवधा रामायण एवं मानस उत्सव समारोह का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का प्रारंभ 23 फरवरी रविवार और विसर्जन 26 फरवरी बुधवार तक चलेगा। यह आयोजन पिछले 38 वर्षों हर वर्ष हो रहा है, और इस 3 दिवसीय कार्यक्रम में भोजन की व्यवस्था प्रतिदिन रखी गई है। जिसके लिए समिति के सदस्यों के द्वारा राम-राम की धुन के साथ सुबह से मुट्ठी दान घर घर जाकर मांगने के लिए निकल पड़ते हैं। समिति में रामप्रसाद वर्मा, टेमचंद वर्मा, श्रीराम वर्मा, कौशल वर्मा, राजेश वर्मा, नेमसिंह वर्मा, मिथलेश वर्मा, अजय वर्मा, तुषार सिन्हा, चंद्र प्रकाश सिन्हा, गुलशन सिन्हा, निकेश वर्मा, अज्जू वर्मा, भावेश साहु रामखेलावन सिंह लिकु वर्मा ओमप्रकाश वर्मा शामिल हैं।

# विधायक दीपेश साहू ने किया भाजपा प्रत्याशी कल्पना तिवारी के समर्थन में जनसंपर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ विधायक दीपेश साहू ने ग्राम चंडी भांठा में आमसभा को किया सम्बोधित

जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 14 बेरलाकला से भारतीय जनता पार्टी की अधिकृत प्रत्याशी कल्पना योगेश तिवारी के समर्थन में आज विधायक दीपेश साहू ग्राम चंडी भांठा में जनसंपर्क कर आमसभा को सम्बोधित किया। इस दौरान उन्होंने जनता से "दो पत्ती छाप" पर मोहर लगाकर भारी मतों से भाजपा प्रत्याशी कल्पना योगेश तिवारी को विजयी बनाने की अपील की। जनसंपर्क के दौरान विधायक दीपेश साहू ने घर-घर जाकर मतदाताओं से संवाद किया और उन्हें भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी और विष्णुदेव साय के सुशासन के तहत क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

विधायक दीपेश साहू सभा में महिलाओं और युवाओं के लिए भी अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार महिला सशक्तिकरण को प्राथमिकता देती है और महिलाओं के लिए स्वरोजगार, शिक्षा और सुरक्षा से संबंधित कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। साहू ने विष्णुदेव साय की सरकार महतारी वंदन योजना के माध्यम से प्रदेश की 70 लाख महिलाओ को प्रतिमाह 1000 रूपये दी जा रही है साथ ही, उन्होंने युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर प्रदान करने के लिए भाजपा सरकार द्वारा उठाए गए कदमों की चर्चा की। उन्होंने कहा की भाजपा हमेशा जनहित की राजनीति करती आई है। केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं ने गरीब, किसान, युवा और महिलाओं को सशक्त किया है। क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के लिए हमें दो पत्ती छाप पर भारी समर्थन देना होगा, ताकि हमारे क्षेत्र का भविष्य उज्ज्वल हो सके।

सभा को संबोधित करते हुए योगेश तिवारी ने कहा कि भाजपा की सरकार किसान, गरीब और आम जनता के हितों के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी और विष्णुदेव साय के सुशासन के सिद्धांतों पर चलते हुए विकास कार्यों को आगे बढ़ा रही है। उन्होंने क्षेत्र की जनता से "दो पत्ती छाप" पर मतदान कर भाजपा प्रत्याशी कल्पना तिवारी को ऐतिहासिक जीत दिलाने की अपील की।



### किसानों और विकास के मुद्दों पर जोर

योगेश तिवारी ने अपने संबोधन में खास तौर पर किसानों के मुद्दों पर बात की। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने हमेशा किसानों की उन्नति के लिए काम किया है। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार ने कृषि क्षेत्र के विकास के लिए कई योजनाएं चलाई हैं, जिनमें किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना, 21 क्विंटल प्रति एकड़ की दर से 3100 रूपये की भाव से धान खरीदी, दो साल का बकाया बोनस, एक मुश्त बोनस की राशि, सिंचाई सुविधाओं का विस्तार और सस्ते दरों पर खाद-बीज उपलब्ध कराना शामिल है। यदि भाजपा प्रत्याशी कल्पना तिवारी भारी मतों से विजयी होती हैं, तो यह विकास की गति को और तेज करने में मददगार साबित होगा।"कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। जनसंपर्क अभियान के दौरान क्षेत्रवासियों ने भी भाजपा प्रत्याशी को समर्थन देने का भरोसा दिलाया।

# विद्यार्थी जीवन के आधार पर खड़ी होती है छात्रों की बुनियाद






हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि विद्यार्थी जीवन प्रत्येक व्यक्ति का सबसे महत्वपूर्ण कालखण्ड होता है। इसी आधार पर व्यक्ति के भावी जीवन की बुनियाद खड़ी होती है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को कठिन परिश्रम, अनुशासन एवं सदाचार जैसे उत्कृष्ट गुणों को आत्मसात करते हुए अपने जीवन के इस महत्वपूर्ण कालखण्ड का सदुपयोग करने कहा।

चन्द्रवाल शुक्रवार को गुण्डरदेही विकासखण्ड के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय अर्जुंदा में आयोजित कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को विदाई समारोह पर अपना उद्गार व्यक्त कर रहे थे। इस अवसर पर कलेक्टर चन्द्रवाल ने स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय अर्जुंदा के अध्ययन-अध्यापन की उत्कृष्ट व्यवस्था की सराहना भी की। उन्होंने विद्यार्थियों को विद्यालय के इस बेहतर व्यवस्था की लाभ उठाने को कहा। इस अवसर पर चन्द्रवाल ने विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन के लिए बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय अर्जुंदा में शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं इस संस्था के समवेत प्रयासों से विद्यालय का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट एवं सराहनीय होगा। उन्होंने विद्यार्थियों को कठिन परिश्रम, लगन एवं धैर्य के साथ विद्या अध्ययन कर जीवन में बड़ी उपलब्धि हासिल करने की शिक्षा भी दी। श्री चन्द्रवाल ने विद्यार्थियों को अपने गुरुजनों के सतत मार्गदर्शन तथा अपने लगन एवं मेहनत से उच्च पदों को सुशोभित कर अपने गुरुजन, माता-पिता एवं अपने विद्यालय का नाम रोशन करने को कहा।



इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए विद्यालय के अध्ययन-अध्यापन के उत्कृष्ट व्यवस्था एवं बेहतरीन परिवेश की भूरि-भूरि सराहना की। इस दौरान कलेक्टर चन्द्रवाल ने स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के विभिन्न कक्षों का अवलोकन कर संस्था के प्राचार्य एवं शिक्षकों से आवश्यक जानकारी ली।

# अलसी की फसल देखने कलेक्टर पहुंचे खेत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने गुण्डरदेही विकासखण्ड प्रवास के दौरान ग्राम बासिन के किसान रामनाथ साहू के खेत में पहुंचकर उनकी फसल का अवलोकन किया।

इस दौरान कलेक्टर चन्द्रवाल ने किसान रामनाथ साहू द्वारा अपने खेत में लगाए गए अलसी फसल की कुल लागत, उत्पादन एवं फसल की बिक्री के लिए मार्केटिंग व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। किसान रामनाथ साहू द्वारा 1 एकड़ में लगभग 3 क्विंटल अलसी फसल उत्पादन होने की जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि कृषि विज्ञान केन्द्र अरौद द्वारा किसान रामनाथ साहू के खेत के इस फसल को फसल प्रदर्शन के लिए चयनित किया गया है। मौके पर उपस्थित कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों ने बताया कि किसान रामनाथ साहू को उनके खेत में अलसी फसल के उत्पादन के लिए उच्च क्वालिटी का अलसी बीज एवं उर्वरक, कीटनाशक दवाई आदि प्रदान करने के अलावा बेहतर उत्पादन के लिए कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों द्वारा नियमित रूप से सलाह एवं मार्गदर्शन भी प्रदान किया जाता है। कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों ने बताया कि पूर्व में रामनाथ साहू एवं अन्य किसानों द्वारा अपने खेतों में ग्रीष्मकालीन धान लगायी जाती थी, लेकिन जल संरक्षण के उपाय सुनिश्चित करने जिले में चलाए जा रहे अभियान से प्रेरित होकर ग्राम बासिन के किसान ग्रीष्मकालीन धान के बदले दलहन एवं तिलहन फसल का उत्पादन कर रहे हैं। इस दौरान कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रभारी डॉ. आरके साहू सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी एवं कृषकगण उपस्थित थे।

## पेज 7 के शेष

### हाईस्कूल कोबिया में ...

एकाग्रचित्त होकर परीक्षा में सफल होने के शुभकामना दी। इस अवसर पर वार्ड के नवनिर्वाचित पार्षद नीलम संजीवन टंडन, पूर्व पार्षद साधेलाल बघेल, पूर्व पार्षद मदन वर्मा, हाइस्कूल अध्यक्ष टेकसिंह वर्मा, मिडिल स्कूल अध्यक्ष संतोष वर्मा, कमलेश वर्मा, गोलू कोशले, शिक्षकगण संजय शर्मा, राजकुमार सिरसहा, फिलोमिना खलको, सुषमा ठाकुर, मधु कुलमित्र, कुंवर सिंह यादव भ्रित्य एवं विद्यालय के बच्चे उपस्थित रहे।

### शिव शक्ति विद्याधाम ....

प्रतिदिन भगवान नाम संकीर्तन आध्यात्मिक प्रवचन अपरान्ह 4 बजे से प्रभु इच्छा तक आयोजित है। विगत कई वर्षों से ग्राम बनिया में महाशिवरात्रि उत्सव धूमधाम से ग्रामवासी एवं आसपास के ग्रामीणों के सहयोग से मनाया जा रहा है। कार्यक्रम में राजनांदगांव लोकसभा के सांसद संतोष पांडे व पंडरिया विधानसभा क्षेत्र की विधायिका भावना बोहरा उपस्थित रहेंगी। उपरोक्त जानकारी शिक्षक नंद कुमार राजपूत ने दी है।

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
● टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### गुरुर कॉलेज में प्रायोगिक परीक्षा की तिथि निर्धारित

**गुरूर।** स्व डारन बाई तारम शासकीय महाविद्यालय गुरुर में विभिन्न कक्षाओं के प्रायोगिक परीक्षा की तिथि निर्धारित कर दी गई है। प्राचार्य केएल रावटे ने बताया प्रायोगिक परीक्षा के तहत बीएससी द्वितीय वर्ष वनस्पति शास्त्र 21 फरवरी, रसायन शास्त्र 25 फरवरी, भौतिक शास्त्र 26 फरवरी, बीएससी तृतीय वर्ष जंतु विज्ञान 24 फरवरी, रसायन शास्त्र 25 फरवरी, भौतिक शास्त्र 26 फरवरी, वनस्पति शास्त्र 28 फरवरी, बीएससी प्रथम वर्ष भूतपूर्व छात्र रसायन शास्त्र 25 फरवरी, भौतिक शास्त्र 26 फरवरी को निर्धारित की गई है। बीए द्वितीय वर्ष भूगोल 24 एवं 25 फरवरी को निर्धारित है। सभी प्रायोगिक परीक्षा प्रातः 8 बजे से प्रारंभ होगी। छात्र छात्राएं आवश्यक सामग्री के साथ निर्धारित तिथि को समय पर उपस्थित होंगे। अनुपस्थित रहने पर छात्र की स्वयं की जिम्मेदारी होगी।

### भिलाई तीन के स्टेशन मास्टर ने लगाई फांसी

**भिलाई।** स्टेशन मास्टर भिलाई तीन का शव घर पर संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी में झूलता पाया गया। मृतक पंचशील नगर निवासी मृतक टी श्याम पिता एनवी रत्नम उम्र 58 साल बताया गया है। पुलिस के मुताबिक परिजनों से विवाद के बाद मृतक ने अपने आप को कमरे में बंद कर लिया था। दोपहर को लड़के द्वारा जबरिया दरवाजा खोले जाने पर फांसी के फंदे पर झूलते हुए पाया गया। सूचना के बाद पुरानी भिलाई पुलिस के द्वारा मौका स्थल पहुंचकर बॉडी को पीएम के लिए भिजवाया गया। पीएम रिपोर्ट के बाद ही मामले का खुलासा हो सकेगा।पुलिस ने बताया कि मृतक भिलाई तीन रेलवे स्टेशन में स्टेशन मास्टर थे। पीपी यार्ड के कार्य की जिम्मेदारी थी। दोपहर को सूचना मिली थी कि स्वयं को फांसी लगा लिया है। उसके बेटे ने पुलिस को बताया कि दो दिन से अपने ऊपर वाले कमरे में दरवाजा बंद कर लिया था। नाश्ता लेकर गए तो दरवाजा नहीं खोला। सुबह रेलवे कर्मी का बेटा फिर से अपने पिता के कमरे में गया।

### पोंड मशीन से होगी जलकुंभी की सफाई

**दुर्ग।** ऐतिहासिक तालाबों की सफाई के लिए नगरनिगम द्वारा प्रदेश का पहला जलकुंभी मशीन दुर्ग में लांच किया गया हैं। डेढ करोड रूपए की लागत वाली इस मशीन के जरिए पलभर में तालाब से जलकुंभी का सफाया किया जाएगा। मशीन दुर्ग में पहुंच चुका है। विधायक गजेन्द्र यादव की अगुवाई में मशीन का शुभारंभ भी किया गया। तालाबों की सफाई के लिए मशीन का उपयोग शुरू कर दिया गया हैं, जिसे देखने बडी संख्या में लोग पहुंचे थे। विधायक गजेन्द्र यादव ने इस मशीन को लेकर पूर्व में पहल की थी और राज्य शासन से खरीदी की अनुमति मांगी थी। इस मशीन के जरिए अब दुर्ग नगरनिगम के तीन दर्जन से अधिक तालाबों की जहां सफाई होगी, वहीं तालाबों का बेहतर तरीके से रखरखाव किया जाएगा। गुरूवार को कचहरी वार्ड के तालाब की सफाई की गई। अफसरों ने बताया कि, बारिश के सीजन में शिवनाथ नदी के पास इंटकवेल में कचरा फंसने से पेयजल बाधित नहीं होगी। दुर्ग निगम में पहुँचे मशीन का तालाब से जलकुम्भी निकालने मशीन का आज ट्रायल किया गया।

## लोचा : वाहन जब्त और चालक की गिरफ्तारी के बाद कार्रवाई पर लगा विराम

# चुनाव से पूर्व करोड़ की शराब पकड़ाई कार्रवाई के नाम पर केवल लीपापोती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



नगरीय निकाय चुनाव के दौरान 2 करोड़ से अधिक की शराब पुलिस और आबकारी विभाग पकड़ी थी । लेकिन चुनाव खत्म हो गया ओर परिणाम भी घोषित हो चुका है परंतु 2 कंटेनर मालवाहक व माजदा वाहन से लगभग 2000 पेटी मध्य प्रदेश निर्मित अवैध शराब पकड़ने ओर बरामद करने के बावजूद संलिप्त व्यक्तियों पर कोई कारवाई न होना जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है । क्या पुलिस व आबकारी विभाग शराब से लदी वाहन के ड्राइवर सहित दो लोगों को पकड़ने तक ही सीमित रह गई या आगे इन तस्करों तक पहुंच कर गिरफ्तार कर सलाखों तक पहुंचाएगी । आम जनों में अनगिनत सवाल उठ रहे हैं कि आखिर जिले में बड़ी मात्रा में शराब किसके इशारे पर लाई गई ओर संरक्षण किसका अगर पुलिस जांच करे तो कई सफेदपोश सामने आएंगे ।

उल्लेखनीय है नगरी नगरी निकाय में महज 2 दिन शेष रह रहते आबकारी विभाग एवं पुलिस विभाग की अलग अलग टीमों ने दो कंटेनर वाहन में मध्य प्रदेश निर्मित अंग्रेजी गोवा पकड़ने में कामयाब हुई थी जिसमें एक कंटेनर में जहां 770 पेटी बरामद किया गया था वही दूसरे कंटेनर वाहन में 750 पेटी शराब से भरा हुआ पाया गया था। इससे पहले बेरला पुलिस ने 450 पेटी शराब के साथ वाहन जप्त कर ड्राइवर ओर शराब सैलरी वहां की पेट्रोलिंग करते रहे दो लोगों की गिरफ्तारी की गई थी ।

इससे स्थानीय प्रशासन एवं आबकारी विभाग के ऊपर एक बड़ा सवालिया निशान अवश्य ही लग रहा है कि आखिर इतनी बड़ी मात्रा में शराब का परिवहन बेमेतरा जिले के भीतर कैसे किया जा रहा था ..? कब से..? और यदि परिवहन लगातार जारी है तो अब तक समुचित कार्यवाही क्यों नहीं की गई इस तरह के अनेकों सवाल निश्चित रूप से आम जनमानस के बीच उठ रहे हैं और सवाल उठना स्वाभाविक भी कहा जा सकता है एक दिन पहले बेरला में पुलिस के द्वारा 450 पेटी शराब के साथ वाहन जप्त कर आरोपी के गिरफ्तारी की गई ठीक दूसरे दिन रात्रि में 2:30 बजे 750 पेटी से भरे हुए कंटेनर को आबकारी विभाग ने खुफिया सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जप्त करने कार्रवाई पूरी हो ही नहीं पाई थी कि एक दूसरी कंटेनर जिसमें भी 750 पेटी शराब जो की कंटेनर में भरकर ले जाया जा रहा था उसे भी चेक किया उसे भी जप्त कार्यवाही की गई।

**अनसुलझे सवाल ,दोनों कंटेनर के मालिक कौन , शराब कहां से भरी गई अबतक गिरफ्तारी क्यों नहीं :** जिले में पहली बार शराब की बड़ी खेप पकड़ा गया जो जन चर्चा विषय आमजनों में बना हुआ था।चुनाव खत्म होने के पश्चात शराब के पकड़े जाने की चर्चा चल पड़ी है ।लोगों के मन कई अनसुलझे सवाल उठ रहे हैं लोगो की जुबान पर है कि आखिर ये शराब किसी न किसी स्थान से भरी होगी । एमपी से छत्तीसगढ़ कैसे पहुंची ,लाखों रुपए कीमत की कंटेनर वाहन में लाया जा रहा था स्वाभाविक की उसके मालिक के जानकारी में हो ।

जिले में शराब तस्करों का एजेंट कौन,जिले के एजेंट की किन शराब तस्करों से संपर्क जो इतनी करोड़ रुपए की शराब खपत दे सके ।ऐसे कई प्रश्न हैं जो आमजनों में घूम रहा की पुलिस प्रशासन व आबकारी विभाग जांच की तह तक क्यों नहीं जा रही है आखिर इतनी बड़ी शराब की खेप वाहन चालक तक सीमित नहीं रह सकती जिसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है ओर अगर पूछताछ की गई तो कौन है जो जिले को नशे में डूबों की साजिश में शामिल है ?।

### दो तस्करों की गिरफ्तारी

पुलिस जांच में जुटी हुई है, एमपी से लाए गए स्थान पर इलेक्शन समाप्ति के पश्चात टीम भेजी जाएगी । पुलिस ने 456 पेटी शराब के साथ स्थानीय शराब दो तस्कर भी गिरफ्तार कर चुकी है। आगे जांच उपरांत ओर भी आरोपी पुलिस की जद में आएंगे ।रही बात आबकारी विभाग की उन्हें दो कंटेनर वाहन में अवैध शराब पकड़ी है उस पर वे जांच कर रही जिस दिन पुलिस प्रशासन को सौंपेगे पुलिस अपने स्तर पर जांच करेंगी ।

- **रामकृष्ण साहू,** एसपी बेमेतरा

# नेशनल लोक अदालत के संबंध में न्यायाधीशगण और बैंक कर्मचारियों की बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष वृजेन्द्र कुमार शास्त्री व निधि शर्मा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की मौजूदगी में न्यायिक अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया।

8 मार्च को आगामी नेशनल लोक अदालत के माध्यम से न्यायालय में राजीनामा योग्य आपराधिक प्रकरणों, धारा 138, परकाम्य लिखित अधिनियम, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, बैंक रिकवरी प्रकरण, सिविल प्रकरण, प्री-लिटिगेशन प्रकरण का निराकरण किया जाना है। उक्त बैठक में न्यायाधीशों को अधिक से अधिक राजीनामा योग्य प्रकरणों में पक्षकारों के मध्य प्री-सीटिंग करा कर आपसी सुलह समझौते से प्रकरणों का निराकरण कराने हेतु चर्चा की गई।

**वैकल्पिक समाधान पर बैठक:** बैठक में बैंक अधिकारीगण को नेशनल लोक अदालत के सफल कियान्वयन के लिए अधिक से अधिक प्री-लिटिगेशन एवं चेक बाउंस के प्रकरणों को समय-सीमा में चिन्हांकित कर निराकरण हेतु प्रस्तुत करने एवं नोटिस तामिली कराने का निर्देश दिए गए। अधिकारीगण को यह भी कहा कि ऐसे विशेष प्री-लिटिगेशन मामले जिनमें नोटिस तामिल से पक्षकार यदि बच रहे है तो उनकी सूची बनाकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा के माध्यम से क्षेत्राधिकार के थाना प्रभारी के साथ समन्वय स्थापित कर पक्षकारों के साथ सौहाद्रपूर्ण रूप से राजीनामा कराने का प्रयास किया जा सकता है। अध्यक्ष द्वारा पक्षकारगण के मध्य विवाद को वैकल्पिक समाधान के तहत सम्भावनाओं को तलाश करते हुए पक्षकारों की दिन-प्रतिदिन प्री-सीटिंग कर लोक अदालत में उनके मध्य राजीनामा किये जाने का यथा संभव प्रयास किये जाने का निर्देश भी दिया गया ।

# नपं के बाद जिला पंचायत में भी कांग्रेस आगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

■ नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य का हुआ भव्य स्वागत



एक तरफ जहां पूरे प्रदेश के ज्यादातर नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव में भाजपा का कब्जा हो गया है। तो वहीं भाजपा की लहर के बावजूद नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र में भाजपा का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा है। नवागढ़ नगर पंचायत में अध्यक्ष का पद गवाने के बाद अब जिला पंचायत के चुनाव में भी 07 में से 06 में भी कांग्रेस सहित अन्य जीत गए हैं।

कई जगह तो भाजपा तीसरे स्थान पर खिसक गई है। विधानसभा मुख्यालय नवागढ़ के चारों से घिरी जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 07 प्रतापपुर से स्वंत्रत प्रत्याशी मधु संतोष रॉय ने 9,060 वोट प्राप्त कर नजदीकी मुकाबले में कांति देवादास चतुर्वेदी से 830 वोट से जीत हासिल की है। वहीं भाजपा यहां तीसरे स्थान पर लुढ़क गई। मधु रॉय क्षेत्र के दिग्गज नेता विकास धर दीवान के खास समर्थकों में गिनी जाती है। कहीं न कहीं मधु की जीत को क्षेत्र में दीवान के जनाधार एवं जमीनी पकड़ से जोड़कर देखा जा रहा है। अटकलें तेज़ हो गयी है कि अब दीवान के नेतृत्व में भाजपा की समानांतर टीम क्षेत्र में मजबूत पकड़ के साथ उतर रही है। नगर पंचायत व जिला पंचायत चुनाव परिणाम से दीवान समर्थकों में खासा उत्साह देखने मे मिल रहा है।

### मधु का हुआ स्वागत

गुरुवार को जिला पंचायत चुनाव के परिणाम घोषणा के पश्चात नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य मधु रॉय के नगर आगमन पर राजीव गांधी चौक में उनके समर्थकों ने जोरदार आतिशबाजी एवं नारेबाजी कर भव्य स्वागत किया। अपनी जीत पर समस्त कार्यकर्ताओं एवं मतदाताओं का आभार जताते हुए मधु रॉय ने कहा कि यह जीत हरएक कार्यकर्ताओ की जीत है जिन्होंने दिनरात एक कर काम किया है। उन्होंने कहा कि वे क्षेत्र के विकास के लिए हर संभव प्रयास करेंगी और जनता की समस्याओं का समाधान कराने का पूरा प्रयास करेंगे। केबिनेट मंत्री के विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की करारी पराजय को लेकर अब सियासी अटकलें भी लगनी शुरू हो गई है। प्रदेश में भाजपा की लहर का असर नवागढ़ विधानसभ क्षेत्र में क्यों नहीं हुआ, आखिर कौन सी बात है जिसके चलते कार्यकर्ता से लेकर मतदाताओं की दूरी बढ़ती जा रही है।

# खुले में मुर्गी के अवशेष फेंकने से फैली दुर्गंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला/कोदवा



पिछले महीने में छत्तीसगढ़ में बर्ड फ्लू का प्रकोप मंडराया था। जिनके कारण रायगढ़ जिले के प्रक्षेत्र में बर्ड फ्लू का मामला मिलने की पुष्टि हुए थे। इसके चलते संक्रमण का खतरा बढ़ गया था। जिले के मोहभट्ठा में एक निजी कृषि फॉर्म संचालक द्वारा धान समिति केंद्र व कृषि बॉडी के समीप बांध जलाशय में मुर्गी के खाद्य को खुले में डाला जा रहा है।

जिससे से आस पास क्षेत्र में बदबू फैलने के शिकार से राहगीर व ग्रामीण सहित सेवा सहकारी समिति मर्यादित मोहभट्ठा धान खरीदी केंद्र में कार्य करने वाले कर्मचारियों को बदबू से परेशान हैं। आसपास क्षेत्र में दुर्गंध फैली हुई है, लोगों का वहां से गुजरना दूभर हो गया है। लोगों का कहना है कि दुर्गंध के कारण बीमारी फैलने का अंदेशा बना हुआ है। कृषि फार्म संचालक की मनमानी के चलते आम नागरिकों दुर्लभ बीमारी व बदबू के शिकार होना पड़ रहा है। वहीं प्रत्यक्षदर्शियों ने खाद्य अवशेष फेंकने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने और इसकी सफाई कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि जब भी हवा चलती है तो दुर्गंध हवा के साथ दूर तक चली जाती है। दुर्गंध के चलते लोगों को परेशानी हो रही है। वहीं जिन लोगों को सांस की बीमारी है, उनकी परेशानी अधिक बढ़ गई है। प्रशासन वैसे तो स्वच्छता की बात करता है, लेकिन खुले में मुर्गी फार्म हाउस से अवशेष लाकर फेंकने पर अंकुश नहीं लगा पा रहे है।

# छात्राएं किताबों को अपना दोस्त बनाएं हर सपने को पूरा करने में मददगार होंगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| थान खमरिया

■ भारत माता कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला की 12वीं के छात्राओं का विदाई समारोह

भारतमाता कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला में विदाई समारोह आयोजित किया गया। 12वीं कक्षा की छात्राओं को विदाई दी गई। सभी छात्राओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष अनीता चंदन अग्रवाल, प्राचार्य रविंद्र यादव , पार्षद अंजू टीकम अग्रवाल, ढाल सिंह राजपूत जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष राहुल छाबड़ा, उपस्थित थे। अनीता चंदन अग्रवाल ने विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने का लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा की किताब को दोस्त बनाएं। किताब हर सपना को पूरा करने में मददगार बनेगा। छात्राएं कड़ी मेहनत कर नए भारत को गढ़ने में योगदान दें। प्राचार्य रविंद्र यादव ने मेधावी छात्राओं को 11000 प्रोत्साहन राशि देने की बात कही। अंतिम में जनभागीदारी समिति अध्यक्ष राहुल छाबड़ा ने कहा, यह विदाई नहीं बल्कि उच्च शिक्षा की ओर प्रस्थान करने का शुभारंभ है। छात्राओं की उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# कृषक पंजीयन : कृषि क्षेत्र में नई पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शी और प्रभावी रूप से पहुंचाने के उद्देश्य से कृषक पंजीयन डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर के तहत व्यापक पंजीयन प्रक्रिया शुरू की गई है। यह पहल कृषि क्षेत्र के डिजिटलीकरण में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे किसानों को अनुदान, बीमा, और विभिन्न सहायता योजनाओं को सीधा लाभ मिलेगा।

### पंजीयन से बढ़ेगी पारदर्शिता

उप संचालक कृषि ने जानकारी देते हुए बताया कि कृषक पंजीयन से न केवल पारदर्शिता बढ़ेगी, बल्कि यह कृषि नीति निर्माण, संसाधन आवंटन और योजनाओं के सुचारू क्रियान्वयन में भी सहायक सिद्ध होगी। इस प्रक्रिया के तहत कृषक की पहचान को भूमि स्वामित्व से जोड़ा जाएगा, जिससे उनकी पात्रता की पुष्टि सुनिश्चित की जा सकेगी।

**स्वयं किसान कर सकेंगे पंजीयन:** किसान स्वयं मोबाइल एप के माध्यम से पंजीयन कर सकेंगे। इसके अलावा, कॉमन सर्विस सेंटर और वेबसाइट के जरिए पटवारी भी इस कार्य में सहायता करेंगे। खास बात यह है कि प्रत्येक ई-केवाईसी के लिए 15 रुपये की दर शासन द्वारा सीएससी को दी जाएगी, जिससे किसानों के लिए यह सेवा पूर्णतः निःशुल्क होगी।

### योजनाओं का मिलेगा लाभ

पंजीकृत किसानों को केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं जैसे – किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी), ऋण, खाद-बीज वितरण, फसल बीमा और पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ पारदर्शी ढंग से मिलेगा। यह पहल न केवल किसानों के लिए आर्थिक संबल प्रदान करेगी, बल्कि कृषि क्षेत्र में डिजिटल क्रांति की दिशा में भी एक बड़ा कदम साबित होगी।

### सीएम साय के जन्मदिवस पर मरीजों को फल वितरित

**गुण्डरदेही।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के जन्मदिवस के अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन के साथ भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता केशव राम साहू, हेमंत सोनकर छगन सोनकर ने शासकीय अस्पताल जाकर मरीजों को फल वितरित किया।



हरिभूमि
पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

## नगर में सजने लगा गर्मी का बाजार

# गर्मी के अहसास के साथ ही सजने लगी मौसमी दुकानें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



ठंड के बाद अब लोगों को बाजार गर्मी का एहसास कराने लगा है, दुकानदारों ने भी गर्मी के अनुरूप अपनी-अपनी दुकानें सजा ली है। गर्मी के शुरुआती दौर में ही गली मोहल्लो में घंटी बजाते आइसक्रीम और बर्फ गोला बेचने वाले नजर आने लगे हैं, इस आइसक्रीम और बर्फ गोला विक्रेताओं की घंटी सुनकर बच्चे बरबस ही इनकी और खींचे चले जाते हैं।

इसके अलावा नगर में कई आइसक्रीम पार्लर भी खुल गए हैं, हालांकि इन आइसक्रीम पार्लर में अभी भी अपेक्षाकृत कम ग्राहक पहुंच रहे हैं। हर वर्ग के लोगों की पहली पसंद गन्ना रस की भी दर्जनों दुकानें जिला मुख्यालय के प्रमुख चौक चौराहों व बस स्टैंड पर सजने लगी है। अंगूर, संतरा, तरबूज ,खरबूज, केकड़ी आदिफलों की दुकानों भी बाजार में नजर आने लगे हैं, इसके अलावा गर्मी में सूखे कंठ को तर करने दूसरे प्रकार की कोल्ड ड्रिंक्स भी बिकने लगे हैं।

लोगों को गर्मी के तेज तपन से बचाने भी बाजार में दर्जनों दुकानें सज चुकी है। पंखा ,कूलर भी इंटरप्राइजेज की दुकानों में बिकने लगे हैं। हर तबके के बीच सर्वाधिक लोकप्रिय मटका भी बाजार आने लगा हैं, वहीं गली मोहल्लों में फेरी लगाकर मटके बेचे जा रहे हैं। कुल मिलाकर नगर में गर्मी का बाजार पूरी तरह से सज चुका है और लोगों को गर्मी का एहसास भी कराने लगा है। लेकिन बाजार में फिलहाल ग्राहकों की कमी है, दुकानदारों का मानना है कि मार्च के अंत व अप्रैल माह में बाजार में रौनक दिखने लगेगी।

फरवरी माह के क्षणों में ही गर्मी की तपिश एहसास कराने लग गई है और लोगों के घर में बंद पड़े कूलर एसी चालू हो गए हैं। वहीं कूलर में लगने वाले खस भी दुकाने दिखलाई देने लगी है। लोग अपने कूलर में खस का बदलाव करने खस की दुकानों में पहुंच रहे हैं और गर्मी को देखते हुए अपने अपने घरों की खिड़कियों में लगाने की तैयारी पर जुट रहे हैं। अधिकांश आमजन के घरों में कूलर की साफ-सफाई में लगे हुए नजर आ रहे हैं। आम जनों का कहना है कि इस बार ठंड ने उतना एहसास नहीं दिलाया परंतु गर्मी इस बार जोरदार रहेगी।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
27 अप्रैल, 30 अप्रैल, 03 मई, 8 मई, 11 मई, 14 मई,19 मई, 22 मई, 25 मई, 30 मई, 02 जून, 05 जून 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
11 यात्रियों की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411